**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 662**

**06 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**वस्त्र पार्कों की स्थापना**

**662. श्री संजय जाधवः**

**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) देश में वस्त्र पार्क स्थापित करने हेतु सरकार की राष्ट्रीय नीति का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्थापित वस्त्र पार्कों का राज्य-वार, तिथि-वार, स्थल-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वस्त्र पार्क की स्थापना में केंद्र और राज्य सरकारों की क्या भूमिका है;

(घ) क्या सरकार का महाराष्ट्र में वस्त्र पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो महाराष्ट्र में वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए प्रस्तावित स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का महाराष्ट्र के परभणी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और उस्मानाबाद (धाराशिव) जिले में एक वस्त्र पार्क/वस्त्र केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) देश में सरकार द्वारा वस्त्र केंद्रों के निर्माण और उसे बढ़ावा देने हेतु क्या समुचित कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

**(क) से (घ):** सरकार देश में वस्त्र पार्कों की स्थापना के लिए दो योजनाएं अर्थात् एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना और पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) योजना लागू कर रही है।

(i) वस्त्र इकाइयों की स्थापना के लिए वस्त्र उद्योग को अत्याधुनिक अवसंरचनात्मक ढांचा प्रदान करने के लिए वर्ष 2005-06 में एकीकृत वस्त्र पार्क (एसआईटीपी) योजना शुरू की गई थी। यह योजना दिनांक 31.03.2021 तक कार्यान्वयन में थी जिसके बाद इसे केवल प्रतिबद्ध देनदारियों को पूरा करने के लिए वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई। योजना के तहत अनुदान के रूप में भारत सरकार (जीओआई) की सहायता 40 करोड़ रुपये की सीमा के अध्यधीन पात्र परियोजना लागत के 40% तक सीमित थी।

एसआईटीपी के तहत, स्वीकृत 54 वस्त्र पार्कों में से, 30 वस्त्र पार्क पूरे हो चुके हैं, 22 वस्त्र पार्क पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं, जबकि 2 वस्त्र पार्क रद्द कर दिए गए हैं। यद्यपि, पिछले 5 वर्षों में इस योजना के तहत कोई नया वस्त्र पार्क स्वीकृत नहीं किया गया है। महाराष्ट्र राज्य में एसआईटीपी के तहत स्वीकृत वस्त्र पार्कों का विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. सं. | पार्क का नाम | मंजूरी की तारीख | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्मिता इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे, | 29.05.2008 | पूरा हुआ |
| 2 | बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, बारामती, | 01.07.2006 | पूरा हुआ |
| 3 | दीसन इंफ्रास्ट्रक्चर, प्राइवेट लिमिटेड, धुले, | 29.05.2008 | पूरा हुआ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | हिंगनघाट टेक्सटाइल पार्क, वर्धा | 24.03.2015 | पूरा हुआ |
| 5 | इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सांगली, | 16.05.2008 | पूरा हुआ |
| 6 | कलप्पाना अवाडे टेक्सटाइल पार्क, इचलकरंजी, | 16.09.2011 | पूरा होने के करीब |
| 7 | लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, लातूर, | 16.05.2008 | पूरा हुआ |
| 8 | मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड, इचलकरंजी, | 25.11.2005 | पूरा हुआ |
| 9 | प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, इचलकरंजी , | 03.02.2006 | पूरा हुआ |
| 10 | पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क लिमिटेड हिंगोली | 16.05.2008 | पूरा होने के करीब |
| 11 | सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, शिरोल, कोल्हापुर | 15.10.2014 | पूरा होने के करीब |
| 12 | श्री गणेश टेक्सटाइल पार्क, धुले, | 24.03.2015 | प्रगति पर है |

(ii) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) योजना के तहत:-

(क) सरकार ने 4,445 करोड़. रु. के परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचनात्मक ढांचे वाले 7 मेगा पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

(ख) महाराष्ट्र (अमरावती) में एक साइट सहित, 7 साइटों अर्थात तमिलनाडु (विरुद्धनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) को पीएम मित्र योजना के तहत वस्त्र पार्क स्थापित करने के लिए मंजूरी दी गई है।

(ग) पीएम मित्र योजना के तहत साइटों का चयन चुनौती पद्धति से किया गया था जिसमें अच्छी कनेक्टिविटी, पर्याप्त गुणवत्ता वाले विद्युत अवसंरचनात्मक ढांचे, पानी और अपशिष्ट जल निस्तारण प्रणाली, श्रम कानून, एकल खिड़की मंजूरी, स्थिर और अनुकूल औद्योगिक / राज्य वस्त्र नीति, आदि जैसे प्रासंगिक मानकों पर विचार किया गया था।

(घ) पीएम मित्र योजना को एक एसपीवी के माध्यम से लागू करने का प्रस्ताव है जो राज्य सरकार के पास 51% इक्विटी शेयरधारिता वाली एक विधिक इकाई होगी। इसके अलावा, राज्य सरकारों द्वारा 1000 से अधिक एकड़ के बाधारहित भूखंड और मूलभूत अवसंरचनात्मक ढांचे और एकल खिड़की मंजूरी के रूप में अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

(ङ) महाराष्ट्र के परभनी संसदीय क्षेत्र और उस्मानाबाद (धाराशिव) जिले में वस्त्र पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के पास विचाराधीन नहीं है।

(च) सरकार देश भर में वस्त्र मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए टेक्सटाइल हब्स के निर्माण और संवर्धन सहित कई योजनाएं लागू कर रही है। इनमें पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क, एकीकृत वस्त्र पार्क योजना, एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना, व्यापक विद्युतकरघा मेगा क्लस्टर विकास योजना, समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना), सिल्क समग्र, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन योजना, आदि शामिल हैं।

*****